BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication: Hari Bhoomi

Date: 15/07/2025 Page: 11 Column: 01

Subject: बीएमयू मे शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से कोई समझौता नहीं होगा

बीएमयू में शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से कोई समझौता

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शिक्षण सत्र 2025-26 के सुचारु संचालन और विद्यार्थियों को उत्तम शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सोमवार को विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी ने की, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार, एकेडमिक डीन डॉक्टर नवीन कुमार सहित सभी फैकल्टी डीन, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित थे। कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से विश्वविद्यालय कभी कोई समझौता नहीं करेगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा, श्रेष्ठ वातावरण और समग्र विकास की दिशा में समुचित मार्गदर्शन प्राप्त हो।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय की दाखिला प्रक्रिया अंतिम चरण में है, और इसे पारदर्शिता व कुशलता से पूर्ण किया जा रहा है। महंत योगी ने सभी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में शिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखें, समयबद्ध कक्षाएं संचालित करें और

विद्यार्थियों के साथ संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

आज 52 कोर्स, 9 फैकल्टी और 14 विभागों वाला यह विश्वविद्यालय लगातार उन्नयन की दिशा में अग्रसर है। महंत योगी ने सभी फैकल्टी सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किए और कहा कि हम केवल शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों से ही नहीं, विद्यार्थियों से भी निरंतर फीडबैक लेते रहते हैं। अगर किसी स्तर पर कोई कमी या सुझाव आता ... अमल में लाते ... वर्मा ने कहा कि ... कि आने वाले ... गतिविधियों को